**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.09.2019**

**PUNJAB KESARI**

# महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम लाएगी सरकार : विपुल

- पाठ्यक्रम के द्वारा उद्यमिता के क्षेत्र में इच्छा रखने वाली छात्राओं को मिलेगा औपचारिक प्रशिक्षण



उद्योग मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए राजीव गोयल व अन्य। (छाया:राकेश देव)

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): हरियाणा में महिलाओं को उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए महिला उद्यमिता पर एक नियमित पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अंतर्गत चलाये जाने वाले इस पाठ्यक्रम में उद्यमिता के क्षेत्र में इच्छा रखने वाली छात्राओं को उद्यम शुरू करने के लिए आवश्यक औपचारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह घोषणा हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया के महिला उद्यम प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित लड़कियों के लिए एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दी। इस अवसर पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्योग मंत्री ने छात्राओं के लिए आईएमएसएमईआफ इंडिया द्वारा एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के संचालन की सराहना की तथा आईएमएसएमईआफ इंडिया को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर महिला उद्यमिता पर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए एक आधिकारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर महिला उद्यमिता पर एक नियमित कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा सकता है। इससे पहले आईएमएसएमईआफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला ने मंत्री को लड़कियों के लिए चलाये गये उद्यमिता कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आईएमएसएमईआफ इंडिया के महिला उद्यमी प्रकोष्ठ ने पिछले साल 12 कॉलेजों और 200 से अधिक लड़कियों की भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी लड़कियों में से 45 लड़कियों को उनके स्टार्ट.अप प्रस्तावों को चुना गया है। इस अवसर पर श्री चावला ने उद्योग मंत्री से विद्यार्थियों के स्टार्ट.अप प्रस्तावों को सहयोग देने की अपील कीए जिस पर उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों के चुनिंदा प्रस्तावों को सहयोग देने की आश्वासन दिया तथा शैक्षिक संस्थानोंए स्थानीय प्रशासन और उद्योग से जुड़े लोगों से भी विद्यार्थियों के स्टार्ट.अप प्रस्तावों को सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक तथा फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सोनल गोयल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। उन्होंने उद्यमशीलता को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और कई उद्योगपति भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी Sun, 01 September 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/43138981

**NEWS CLIPPING: 01.09.2019**

## PUNJAB KESARI.COM

### पाठ्यक्रम के तहत उद्यमिता के क्षेत्र में इच्छा रखने वाली छात्राओं को मिलेगा औपचारिक प्रशिक्षण

# महिलाओं की उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम होगा शुरू

फरीदाबाद, 31 अगस्त (पूजा शर्मा): हरियाणा में महिलाओं को उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए महिला उद्यमिता पर एक नियमित पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अंतर्गत चलाये जाने वाले इस पाठ्यक्रम में उद्यमिता के क्षेत्र में इच्छा रखने वाली छात्राओं को उद्यम शुरू करने के लिए आवश्यक औपचारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।



उद्योग मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए राजीव गोयल व अन्य। (छाया: एस शर्मा)

यह घोषणा हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया (आईएमएसएमईआफइंडिया) के महिला उद्यम प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित लड़कियों के लिए एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दी। इस अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री ने छात्राओं के लिए आईएमएसएमईआफइंडिया द्वारा एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के संचालन की सराहना की तथा आईएमएसएमई ऑफ इंडिया को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर महिला उद्यमिता पर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए एक आधिकारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर महिला उद्यमिता पर एक नियमित कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा सकता है। इससे पहले आईएमएसएमईआफइंडिया के चेयरमैन राजीव चावला ने मंत्री को लड़कियों लिए चलाये गये उद्यमिता कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आईएमएसएमई ऑफ इंडिया के महिला उद्यमी प्रकोष्ठ ने पिछले साल 12 कॉलेजों और 200 से अधिक लड़कियों की भागीदारी के साथ इस कायक्रम की शुरुआत की थी। कायक्रम के दौरान प्रतिभागी लड़कियों में से 45 लड़कियों को उनके स्टार्ट-अप प्रस्तावों को चुना गया है। इस अवसर पर चावला ने उद्योग मंत्री से विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रस्तावों को सहयोग देने की अपील की, जिस पर उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों के चुनिंदा प्रस्तावों को सहयोग देने की आश्वासन दिया तथा शैक्षिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और उद्योग से जुड़े लोगों से भी विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रस्तावों को सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर, उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।

उद्योग मंत्री के आह्वान पर, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भी कुछ छात्रों के स्टार्ट-अप का समर्थन करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि नई प्रौद्योगिकियां जिस तरह से आगे बढ़ रही हैं कि इसने व्यवसाय के तौर तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। इसलिए, उद्यमशीलता के इच्छुक विद्यार्थियों को बदलती जरूरतों के अनुसार उद्योग के नये तौर-तरीकों को भी सीखना होगा और खुद को अपडेट रखना होगा।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक तथा फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनल गोयल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। उन्होंने उद्यमशीलता को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और कई उद्योगपति भी उपस्थित थे।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sun, 01 September 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/43139216

**NEWS CLIPPING: 01.09.2019**

**HINDUSTAN**

# छात्राएं व्यापार करने के गुर सीखेंगी

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

प्रदेश में महिलाओं को उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए महिला उद्यमिता पर एक नियमित पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।

इसमें विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के तहत चलाने वाले पाठ्यक्रम में उद्यमिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाली छात्राओं को व्यापार शुरू करने के लिए प्रशिक्षण ले सकेंगे। यह घोषणा उद्योग, वाणिज्य तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री विपुल गोयल ने शनिवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया (आईएमएसएमई ऑफ इंडिया) के महिला उद्यम प्रकोष्ठ की ओर से लड़कियों के लिए आयोजित एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान की। इस मौके विशिष्ठ अतिथि के रुप में वाईएमसीए के कुलपति प्रो दिनेश कुमार मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 01.09.2019**

**AMAR UJALA**

# महिला उद्यमियों को प्रेरित करेगा सरकार का पाठ्यक्रम

**विश्वकर्मा कौशल विवि में छात्राओं को मिलेगा प्रशिक्षण**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में महिलाओं को उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए महिला उद्यमिता पर एक नियमित पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में उद्यमिता में इच्छा रखने वाली छात्राओं को उद्यम शुरू करने का आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी औद्योगिक मंत्री विपुल गोयल ने जेसी बोस विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो-स्मॉल-मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया (आईएमएसएमई आफ इंडिया) कार्यक्रम के दौरान दी। महिला उद्यम प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लड़कियों के लिए एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। आईएमएसएमई आफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला ने मंत्री को बेटियों के लिए चलाए गए उद्यमिता कार्यक्रम के बारे में बताया। महिला उद्यमी प्रकोष्ठ ने पिछले साल 12 कॉलेजों और 200 से अधिक लड़कियों की भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के दौरान 45 लड़कियों को उनके स्टार्ट-अप प्रस्तावों के लिए चुना गया। चावला ने उद्योग मंत्री से विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रस्तावों को सहयोग देने की अपील की। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 01.09.2019**

**THE TRIBUNE**

# Women entrepreneurship course in offing: Minister

TRIBUNE NEWS SERVICE

FARIDABAD, SEPTEMBER 1

The state government will introduce women entrepreneurship course soon to provide skills to those girls who want to go in for start-ups or run their own business.

This was announced by Industries and Commerce and Industrial Training Minister Vipul Goel on Saturday. He was addressing an event organised by the Integrated Association of Micro, Small and Medium Enterprises (IAMSME) at the YMCA University.

He said programmes for young entrepreneurs had inspired him to announce such a study-cum-training-based course for women. He said a large number of girls wanted to explore avenues of being employers rather than employment seekers.

He said the government would start a regular programme on entrepreneurship and business development for girls to promote participation of women in entrepreneurship at a larger scale. He said the programme would be conducted by Shri Vishwakarma Skill University at Dudhola in Palwal district.

He said aspiring students must be given opportunities and a platform to turn their innovative ideas into successful business ventures. He said help and direct support of bodies like the IAMSME would be taken in this direction.

Rajiv Chawla, IAMSME chairman, apprised participants about ongoing activities. He said the IAMSME had already selected 45 girls for training this year. He said both industry and students stood to benefit.

The Tribune Mon, 02 September 2019
https://epaper.tribuneindia.com/c/43150391